Topic:- राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता आंदोलन

(स्वरचित कविता पाठ और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं)

Date :-19.08 2021

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग के हिंदी साहित्य सभा (मंथन) द्वारा 19.08.2021 को 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वरचित कविता पाठ और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11:30 बजे गूगल मीट पर किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ डॉ. रेनू दुग्गल ने अपने स्वागत वक्तव्य से किया। प्रतियोगिता का मंच संचालन 'मंथन' के अध्यक्ष शिवम राजपूत और हिमांशु शर्मा ने मिलकर किया। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभाग की डॉ.भूपेंद्र कौर व डॉ. हरदीप कौर ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। उनकी स्वरचित कविताएं प्रेरणादायक और पोस्टर दिए गए विषय के अनुकूल थे।

निर्णायक मंडल ने एक प्रतियोगिता कविता में कविता की कमियों और अच्छाइयों को उजागर करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अमरजीत कौर ने भी अपने शब्दों के द्वारा कार्यक्रम को सफलपूर्वक पूरा होने की बधाइयां दी। डॉ. भूपिंदर कौर ने अपनी स्वराचित कविता प्रस्तुत कर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य सभा 'मंथन 'के संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । विभाग के सभी प्राध्यापक ने अपनी मौजूदगी जताई। विभाग प्रभारी डॉ. अंजु बाला ने सब का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।